पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–24] रुड़की, शनिवार, दिनांक 01 अप्रैल, 2023 ई0 (चैत्र 11, 1945 शक सम्वत्) [संख्या–13

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	371–398	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	113–117	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़–पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	255–279	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़–पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

गृह (अधिष्ठान) अनुभाग–3

अधिसूचना

14 मार्च, 2023 ई0

संख्या 106034/XX-3/2023/08(03)2018–राज्यपाल, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 (अधिनियम संख्या 01, वर्ष 2008) की धारा 87 की उपधारा (1) सपठित धारा 17 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके तथा इस विषय के विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुये उत्तराखण्ड पुलिस दूर संचार विभाग की राजपत्रित सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं, अर्थात्:–

उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 2023

भाग एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार राजपत्रित अधिकारी सेवा नियमावली, 2023 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति 2. उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार राजपत्रित अधिकारी सेवा एक ऐसी सेवा है जिसमें पुलिस दूरसंचार विभाग के समूह 'क' एवं 'ख' के पद समाविष्ट हैं।

परिभाषाएं 3. जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में:–

(क) "अधिनियम" से उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम 2007(अधिनियम संख्या 01 वर्ष 2008) अभिप्रेत है;

(ख) 'नियुक्ति प्राधिकारी' से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;

(ग) 'भारत का नागरिक' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो 'भारत के संविधान' के भाग–2 के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाय;

(घ) 'आयोग' से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है;

(ड) 'संविधान' से भारत का संविधान अभिप्रेत है;

(च) 'सरकार' से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है;

(छ) 'राज्यपाल' से उत्तराखण्ड राज्य के राज्यपाल अभिप्रेत है;

(ज) 'विभागाध्यक्ष' से पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड अभिप्रेत हैं;

(झ) 'सेवा का सदस्य' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने से पूर्व प्रवृत्त नियमों और आदेशों के उपबन्धों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ट) 'सेवा' से 'उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार सेवा' अभिप्रेत है;

(ठ) 'मौलिक नियुक्ति' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात की गयी हो; तथा

(ड) 'भर्ती का वर्ष' से किसी कलैण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग दो–संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4. (1) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जो समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित की जाय।

(2) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या, जब तक उपनियम (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा उसमें परिवर्तन न किया जाय, उतनी होगी जितनी परिशिष्ट 'क' में दी गयी है:

परन्तु, यह कि–

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकेंगे अथवा राज्यपाल किसी पद को इस प्रकार प्रास्थगित कर सकेंगे कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा।

(दो) राज्यपाल ऐसे स्थायी अथवा अस्थायी पद सृजित कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत

5. **सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों की भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी :–**

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर भर्ती निम्न प्रकार से की जायेगी :–

(एक) 50 प्रतिशत पद आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा;

(दो) 50 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थायी निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 04 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(2) राज्यपाल, आपवादिक परिस्थितियों में, आयोग के परामर्श से, आयोग द्वारा संचालित विशेष परीक्षा के परिणाम के आधार पर सेवा में विशेष या आपात भर्ती कर सकते हैं। भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता

और आयु तथा ऐसी परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम ऐसा होगा जैसा आयोग द्वारा राज्यपाल के अनुमोदन से विनिश्चित किया जाय। ऐसी परीक्षा के आधार पर नियुक्त अभ्यर्थी, उपनियम (1) के खण्ड (एक) के अधीन सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किये गये समझे जायेंगे।

(3) अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के शत्–प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थायी पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होंने संवर्ग में 07 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(4) पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के शत्–प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थायी अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होने संवर्ग में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(5) पुलिस उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के शत्–प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे स्थायी पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से जिन्होंने संवर्ग में 20 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, पदोन्नति द्वारा योग्यता/श्रेष्ठता के आधार पर चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

आरक्षण

6. उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियो के लिए आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग चार–अर्हताएं

राष्ट्रीयता

7. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 01 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हो या

(ग) भारतीय मूल का व्यक्ति जिसने भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, केन्या, युगाण्डा और संयुक्त तन्जानिया गणराज्य (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रव्रजन किया हो:

परन्तु, उक्त श्रेणी (ख) और (ग) से सम्बन्धित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में राज्य सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो:

from eOffice by KAMLESH KU

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) से सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिए भी पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा:

परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी उक्त श्रेणी (ग) से सम्बन्धित है तो पात्रता प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष से अधिक अवधि के बाद उसके द्वारा भारत की नागरिकता प्राप्त करने पर सेवा में रखा जा सकेगा।

टिप्पणी–जिन अभ्यर्थी के मामले में पात्रता का प्रमाण पत्र आवश्यक हो किन्तु उसे न तो जारी किया गया हो और न ही नामंजूर किया गया हो, उसे किसी परीक्षा या साक्षात्कार मे प्रवेश दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है। किन्तु शर्त यह है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

शैक्षणिक अर्हता

8. पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हतायें होनी चाहिये–

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स में एक अनिवार्य विषय के रूप मे भौतिकी में परास्नातक उपाधि/वायरलैस कम्यूनिकेशन में एक अनिवार्य विषय के रूप में भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी में परास्नातक उपाधि।

अथवा

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/ इनफॉरमेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी/इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंटेशन/ इलैक्ट्रिकल एण्ड इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि।

एवं

देवनागरी लिपि में हिन्दी का कार्यकारी ज्ञान।

अधिमानी अर्हता

9. ऐसे व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी जिसे इलेक्ट्रॉनिक्स/ दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दो वर्ष का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। अन्य बातों के समान होने पर, ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा, जिसने–

(1) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा की हो, या

(2) नेशनल कैडेट कोर का 'बी' अथवा 'सी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो,

आयु

10. सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु, जिस वर्ष भर्ती के लिये विज्ञापन प्रकाशित किया जाय, उस वर्ष की पहली जुलाई को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिये:

परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा ऐसी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में, जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाय, अधिकतम आयु उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।

चरित्र

11. सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये जिससे वह सरकारी सेवा की नौकरी के लिए सर्वथा उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस विषय में स्वयं समाधान करेगा।

टिप्पणी– संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार से स्वामित्व में अथवा नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के अपराध से सम्बद्ध सिद्धदोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

वैवाहिक प्रास्थिति

12. ऐसा पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियॉं जीवित हों अथवा ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसका एक से अधिक पति जीवित हो, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे:

परन्तु, यदि सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकेगी।

शारीरिक योग्यता

13. किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो, वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित करने से पूर्व चिकित्सा परिषद् की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, जिसके माप–दण्ड परिशिष्ट–'ख' में उल्लिखित है:

परन्तु, पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी के लिए स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नही होगा।

<u>भाग पॉंच– भर्ती की प्रक्रिया</u>

रिक्तियों का अवधारणा

14. नियुक्ति प्राधिकारी, वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या अवधारित करेगा और उसकी सूचना आयोग को देगा।

सीधी भर्ती की प्रक्रिया

15. पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के 50 प्रतिशत पद आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा भरे जायेंगे।

(1) प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने की अनुमति के लिए आयोग विहित प्रपत्र में आवेदन–पत्र मंगायेगा। आवेदन–पत्र निर्धारित शुल्क के भुगतान पर आयोग के सचिव से प्राप्त किये जा सकेंगे।

(2) आयोग द्वारा जारी प्रवेश पत्र के बिना किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(3) लिखित परीक्षा के परिणाम प्राप्त होने और सारणीबद्ध किये जाने के पश्चात आयोग द्वारा नियम 6 के अधीन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा, जिन्होंने इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा नियत मानक के अनुसार अंक प्राप्त किये हों। प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा साक्षात्कार में प्राप्त अंक उसके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको में जोड़े जायेंगे।

(4) आयोग, प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों द्वारा प्रकट प्रवीणता क्रम में एक सूची तैयार करेगा और उतने अभ्यर्थियों को, जितने वह उचित समझे, नियुक्ति के लिए संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी कुल योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा, यदि लिखित परीक्षा में बराबर अंक हों तो जन्मतिथि के आधार पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी का नाम, सूची मे उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की सूची नियुक्ति प्राधिकारी को प्रेषित की जायेगी।

टिप्पणीः प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम और नियम राज्यपाल के अनुमोदन से आयोग द्वारा समय–समय पर विहित किये जायेंगे।

चयन समिति के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

16. (1) **पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति–**

पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती स्थायी निरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयानोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 2003 के अनुसार की जायेगी।

(2) अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति–

अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के शत्–प्रतिशत पदों पर चयन निम्नलिखित चयन समिति की संस्तुति पर पुलिस दूरसंचार विभाग में कार्यरत स्थायी पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा किया जायेगा–

(क) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव गृह, उत्तराखण्ड शासन– अध्यक्ष

(ख) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव कार्मिक, उत्तराखण्ड शासन या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, जो अपर सचिव स्तर से अन्यून हो सदस्य

(ग) पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, जो पुलिस महानिरीक्षक स्तर से अन्यून हो। सदस्य

(3) <u>पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार), के पद पर पदोन्नति</u>–

पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार), के शत्-प्रतिशत पदों पर चयन निम्नलिखित चयन समिति की संस्तुति पर, पुलिस दूरसंचार विभाग में कार्यरत अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा किया जायेगा–

(क) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव गृह, उत्तराखण्ड शासन– अध्यक्ष

(ख) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव कार्मिक, उत्तराखण्ड शासन या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, जो अपर सचिव स्तर से अन्यून हो सदस्य

(ग) पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड या उनके द्वारा नाम निर्दिष्ट अधिकारी, जो पुलिस महानिरीक्षक स्तर से अन्यून हो। सदस्य

(4) <u>पुलिस उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के पद पर पदोन्नति</u>–
पुलिस उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) के शत्–प्रतिशत पदों पर चयन, निम्नलिखित चयन समिति की संस्तुति पर पुलिस दूरसंचार विभाग में कार्यरत पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) में से योग्यता के आधार पर पदोन्नति द्वारा किया जायेगा–

(क) मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन– अध्यक्ष

(ख) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव गृह, उत्तराखण्ड शासन– सदस्य

(ग) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, कार्मिक विभाग उत्तराखण्ड शासन– सदस्य

(घ) पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड– सदस्य

पदोन्नति हेतु सूची

17. नियम 16 के उपनियम (2),(3) एवं (4) में उल्लिखित पदों पर भर्ती "उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता–सूची नियमावली, 2003" तथा "उत्तराखण्ड सरकारी सेवक (पदोन्नति द्वारा भर्ती के लिए मानदण्ड) नियमावली, 2004" एवं इस सम्बन्ध में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य नियमावली के अनुसार की जायेगी।

संयुक्त चयन सूची

18. यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाय तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जाएगी, जिसमें अभ्यर्थियों के नाम सुसंगत सूचियों में इस प्रकार लिये जाएंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग छः नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

19. (1) उपनियम (2) के अध्यधीन रहते हुये नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्तियां उस क्रम में करेगा, जिसमें उनके नाम, यथास्थिति, नियम 15, 16, 17 एवं 18 के अधीन तैयार की गई सूचियों में हो।

(2) यदि किसी वर्ष नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी है तो नियमित नियुक्तियां तब तक नही की जायेंगी जब तक कि दोनों स्त्रोतों से चयन न किया गया हो और नियम 18 के अनुसार संयुक्त सूचियां तैयार न की गई हों।

(3) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति आदेश जारी किये जाते हैं तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें चयनित अभ्यर्थियो के नामों का उल्लेख चयन में अवधारित ज्येष्ठता के आधार या उस क्रम में, यथास्थिति, जिस क्रम उनका नाम उस संवर्ग में हो, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है, किया जायेगा। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती हैं तो नाम, नियम 18 में निर्दिष्ट चक्रीय क्रम में क्रमांकित किये जायेंगे।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी, अस्थायी या स्थानापन्न रूप में भी उप नियम (1) के अधीन तैयार की गई सूची से नियुक्ति कर सकता है। यदि सूचियों का कोई अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो वह इन नियमों के अधीन पात्र अभ्यर्थियों में से ऐसी रिक्तियों पर नियुक्ति कर सकता है। ऐसी नियुक्तियां एक वर्ष की अवधि के लिये या इन नियमों के अधीन अगले चयन के बाद तक के लिए, इनमें जो भी पहले हो, की जाएगी और जहॉ पद आयोग के क्षेत्र के अन्तर्गत आता हो उन पर "उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग (कृत्यों का परिसीमन) विनियम, 2003 के विनियम 5(क) के प्रावधान लागू होंगे।

परिवीक्षा

20. (1) सेवा में किसी पद पर या उसके विरूद्ध रिक्ति पर नियुक्त व्यक्ति 02 वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से जो अभिलिखित किये जायेंगे, पृथक–पृथक मामले में परिवीक्षा अवधि को बढा सकता है, जिसमें वह दिनांक विनिर्दिष्ट किया जायेगा, जब तक की अवधि बढाई जाय :

परन्तु, आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा अवधि 01 वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में 02 वर्ष से अधिक नहीं बढाई जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा के दौरान किसी भी समय या उसके अंत में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया गया है या वह अन्यथा समाधान प्रदान करने में विफल

रहा है तो उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

(4) उपनियम (3) के अधीन जिस परिवीक्षाधीन व्यक्ति को प्रत्यावर्तित किया जाए या जिसकी सेवाएं समाप्त की जाए, वह किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी, सेवा संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

स्थायीकरण

21. (1) किसी सरकारी सेवक का स्थायीकरण उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 के नियम 4 में वर्णित प्रावधानों के अधीन किया जायेगा।

(2) **स्थायीकरण जहां आवश्यक नहीं है–**

उक्त वर्णित नियमावली के नियम 5 के उपनियम (1) के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं होगा, यदि कोई सरकारी सेवक उस संवर्ग में, जिसमें भर्ती का स्रोत केवल प्रोन्नति ही हो, विहित प्रक्रिया का पालन किए जाने के पश्चात नियमित आधार पर प्रोन्नत किया जाय।

(3) किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा–अवधि या बढायी गयी परिवीक्षा–अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायगा, यदि–

(एक) उसने विहित विभागीय परीक्षा, यदि कोई है, उत्तीर्ण कर ली हो या विहित पाठ्यक्रम प्राप्त कर लिया हो (जहॉ उपबन्धित हो):

(दो) उसने विहित प्रशिक्षण परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो (जहॉ उपबन्धित हो):

(तीन) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया जाय:

(चार) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित कर दी जाय, और

(पॉच) नियुक्ति प्राधिकारी का समाधान हो जाय कि वह स्थायीकरण हेतु अन्यथा उपयुक्त है।

ज्येष्ठता

22. सेवा में इस नियमावली के अधीन नियुक्त किसी व्यक्ति की ज्येष्ठता (समय–समय पर यथासंशोधित) उत्तराखण्ड सरकारी सेवक (ज्येष्ठता) नियमावली, 2002 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

विभागीय प्रशिक्षण

23. सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से सीधी भर्ती के पुलिस उपाधीक्षक हेतु निर्धारित आधारभूत पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करना अनिवार्य होगा। आधारभूत पुलिस प्रशिक्षण के अतिरिक्त पुलिस संचार मुख्यालय में छः माह का पुलिस संचार सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण करना अनिवार्य होगा।

भाग सात–वेतन आदि

वेतनमान

24. (1) सेवा मे किसी पद पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ पर प्रवृत्त सेवा के अनुमन्य वेतनमान ऐसे होंगे, जो परिशिष्ट 'क' में दिये गये हैं।

परिवीक्षा अवधि में वेतन

25. (1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल प्रावधान के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि स्थायी सरकारी सेवा में नही है, तो उसे एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर, जहॉ विहित हो, समयमान में प्रथम वेतन वृद्धि की अनुमति प्रदान की जाएगी तथा दूसरी वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात परिवीक्षा अवधि पूर्ण किये जाने तथा स्थायी किये जाने पर दी जाएगी:

परन्तु यदि संतोष प्रदान न कर सकने के कारण परिवीक्षा अवधि बढायी जाये तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी, अन्यथा निदेश न दें, ऐसी बढ़ायी गयी अवधि वेतनवृद्धि के लिये नहीं गिनी जायेगी।

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो सरकार के अधीन पहले से कोई पद धारण कर रहा है, संगत मूल नियमों द्वारा विनियमित किया जाएगा :

परन्तु, यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढायी जाये तो तब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे, ऐसी बढायी गयी अवधि वेतनवृद्धि के लिये नहीं गिनी जायेगी।

(3) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में है, राज्य के कार्यों से संबंधित सामान्य सेवारत सेवकों पर लागू संगत नियमों द्वारा विनियमित किया जाएगा।

भाग–8 अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन

26. किसी पद या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किसी अन्य सिफारिश पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयो का विनियमन

27. ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो विर्निदिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति ऐसे नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा विनियमित होंगे, जो राज्य सरकार के कार्यकलापों के संबंध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू होते हैं।

सेवा शर्तो में शिथिलता 28. जहां राज्य सरकार का समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तें विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है तो वह उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह मामले में न्याय संगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझें, अभिमुक्त या शिथिल कर सकती है:

परन्तु, यह कि जहां कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो, वहां नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त करने या शिथिल करने से पूर्व आयोग से परामर्श किया जायेगा।

व्यावृत्ति 29. इस नियमावली की किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनकी सरकार से इस सम्बन्ध मे समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट–'क'

(नियम–4 का उपनियम–2 एवं नियम 24 देखें)

पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
निदेशक/पुलिस उपमहानिरीक्षक(पुलिस दूरसंचार)	01	रू0 131100–216600 लेवल–13A
पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार)	02	रू0 78800–209200 लेवल–12
अपर पुलिस अधीक्षक (पुलिस दूरसंचार)	06	रू0 67700–208700 लेवल–11
पुलिस उपाधीक्षक (पुलिस दूरसंचार)	09	रू0 56100–177500 लेवल–10

परिशिष्ट–'ख'

(कृपया नियम– 13 देखें)

उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार के राजपत्रित सेवा में भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के लिए मापदण्ड

उत्तराखण्ड सरकार के अधीन नियुक्ति के लिए यथा उपयुक्त होने के लिए अभ्यर्थी का अच्छा मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य तथा अपने कर्तव्यों के दक्षता पूर्ण अनुपालन में हस्तक्षेप करने के लिए सम्भाव्य किसी शारीरिक कमी से मुक्त होना चाहिये।

2– उत्तराखण्ड पुलिस सेवा में भर्ती के लिए पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शारीरिक अर्हताएं निम्नवत होंगी :–

(क)– ऊँचाई

क0सं0	वर्ग	पुरूष अभ्यर्थी	महिला अभ्यर्थी
1	सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति	167.7 सें0मी0	152.0 सें0मी0
2	अनुसूचित जनजाति	160.0 सें0मी0	147.00 सें0मी0
3	पर्वतीय क्षेत्र	162.6 सें0मी0	147.00 सें0मी0

(ख)– सीने की माप (केवल पुरूषों के लिए)

क0सं0	वर्ग	बिना फुलाये	फुलाने पर
1	सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति	78.8 सें0मी0	83.8 सें0मी0
2	पर्वतीय क्षेत्र तथा अनुसूचित जनजाति	76.5 सें0मी0	81.5 सें0मी0

(ग)– शारीरिक वजन

(केवल महिलाओ के लिए) न्यूनतम 45 कि0ग्रा0

उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार सेवा में नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की एक आंख 6/6 व दूसरी आंख मे 6/9 से कम दृष्टि नहीं होनी चाहिये। अतः बिना चश्मे के दाहिने हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियों के लिए दायीं आंख 6/6 और बांये हाथ से काम करने वाले अभ्यर्थियों की बायीं आंख 6/6 होनी चाहिये और वर्णांधता/भैंगापन से पूर्ण रूप से मुक्त होना चाहिये।

अभ्यर्थी का सटा घुटना, सपाट पैर, बो लैग, वैरिकोस वेन, हकलाना, विकलांगता और अन्य विकृतियां व अन्य समस्याएं जो पुलिस अधिकारी की ड्यूटी में किसी प्रकार की बाधा पैदा करें, को अयोग्य माना जायेगा।

उक्त सम्बन्ध में चिकित्सा परिषद द्वारा निर्धारित प्रतिवेदन में अभ्यर्थी के उपयुक्त होने का प्रमाण दिये जाने पर अभ्यर्थी को अन्तिम रूप से उत्तराखण्ड पुलिस दूरसंचार सेवा में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,

अपर मुख्य सचिव।

In pursuance of the provision of clause (3) of Article 348 of the 'Constitution of India', the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No.106034/XX-3/2023/08(03)2018 Dehradun, dated March 14, 2023 for general information.

NOTIFICATION

March 14, 2023

No.106034/XX-3/2023/08(03)2018--In exercise of the powers conferred under sub-section (1) of Séction 87 read with section 17 of the Uttarakhand Police Act, 2007 (Act no 1 of 2008) and in supersession of all the existing Rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules to regulate the services conditions of the persons appointed in the gazetted service of the of the Uttarakhand Police Telecommunication Department, namely:-

THE UTTARAKHAND POLICE TELE-COMMUNICATION GAZETTED OFFICERS SERVICE RULES, 2023

PART –I GENERAL

Short Title and commencement

1. (1) These rules may be called the "Uttarakhand Police Telecommunication Gazetted officers Service Rules, 2023.

(2) It shall come into force at once

Status of Service

2. Uttarakhand Police Telecommunication Gazetted officer Service is such a service in which Group 'A' and Group 'B' posts of police telecommunication departments are included.

Definitions:

3. In these rules unless anything is repugnant in the subject or context :-

(a) **'Act'** means Uttarakhand Police Act,2007(Act no. 1 of Year 2008)

(b) **'Appointing Authority'** means the Governor of Uttarakhand;

(c) **'Citizen of India'** means a person who is or is deemed to be a citizen of India under Part II of to the Constitution of India;

(d) **'Commission'** means the Uttarakhand Public Service Commission;

(e) **'Constitution'** means The Constitution of India;

(f) **'Government'** means the government of the State of Uttarakhand;

(g) **'Governor'** means the Governor of the State of Uttarakhand;

(h) **'Head of the Department'** means Director General of Police,Uttarakhand;

(i) **'Member of service'** means a person substantively appointed under these rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;

(j) **'Service'** means Uttarakhand Police Tele communication Service;

(k) **'Substantive appointment'** means as appointment, not being an ad hoc appointment, on a post in the cadre of the service and made after selection in accordance with the rules and, if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instructions issued by the government;

(l) **'Year of recruitment'** means a period of twelve months commencing from 1st day of July of the calendar year.

PART-II CADRE

Cadre of Service

4. (1) The strength of the employees/officers in service and each category of posts therein shall be such as may be determined by the Government from time to time.

(2) The strength of the employees/officers in service and each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1) as given in Appendix 'A'

Provided that:-

(i) The Appointing Authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to compensation;

(ii) The Governor may create such additional permanent or temporary posts as he may consider porper.

PART-III RECRUITMENT

Source of Recruitment

5. Recruitment on the different categories of posts of the service shall be made from the following sources:-

(1) Subject to the provisions of sub-rule (2) recruitment to the post of Deputy Superintendent of Police (Police Telecom) shall be made as follows:-

(i) fifty percent post by the direct recruitment on the basis of result of the competitive examination conducted by the Commission.

(ii) fifty percent post from amongst substantively appointed such permanent Inspectors (Police Telecom) who have completed 4 years of service as such on the first day of the year of recruitment, by promotion through selection committee, on the basis of seniority subject to rejection of the unfit.

(2) In the exceptional circumstances the Governor, with the consultation with the Commission may make special or emergency recruitment in the service on the basis of the result of the special examinations conducted by the Commission. Educational qualification, age and syllabus for the examination for the recruitment would be such as the Commission would determine with the approval of the

Governor. The candidates appointed on the basis of such examination would be deemed to be appointed by direct recruitment under clause (i) of the sub –rule (1).

(3) Hundred Percent post of the Additional Superintendent of Police (Police Telecom) by promotion through selection committee on the basis of seniority subject to rejection of unfit from amongst substantively appointed such permanent Deputy Superintendent of Police (Police Telecom) who have completed 7 years of service in the cadre.

(4) Hundred Percent post of Superintendent of Police (Police Telecom) by promotion through selection committee on the basis of seniority, subject to rejection of the unfit from amongst substantively appointed such permanent Additional Superintendent of Police (Police Telecom) who have completed 12 years of service in the cadre.

(5) Hundred Percent posts of Deputy Inspector General of Police (Police Telecom) by promotion through selection committee on the basis of merit from amongst the substantively appointed such permanent Superintendent of Police (Police Telecom) who has completed 20 years of service in the cadre.

Reservation

6. Reservation for the candidates belonging to the Scheduled Casts, Scheduled Tribes, Others Backward Classes, Economically Weaker Sections and Other category of the State of Uttarakhand shall be in accordance with the orders of the government in force at the time of the recruitment.

PART-IV ELIGIBILITY

Nationality

7. A candidate for the direct recruitment to be a post in service must be:-

(a) A citizen of India; or

(b) A Tibetan refugee who came over to India before the 1st January 1962 with the intention of permanently settling in India; or

(c) A person of Indian origin who has migrated from Pakistan, Burma, Sri Lanka or any of the east African countries of Kenya, Uganda and United Republic of Tanzania (formerly Tanganika and Zanzibar) with the intention of permanently settling in India:

Provided that a candidate belonging to category (b) or (c) above must be a person in whose favour a certificate of eligibility has been issued by the Satate Government:

Provided futher a candidate belonging to category (b) shall also be required to obtain certificate of eligibility granted by the Deputy Inspector General of police Intelligence Branch, Uttarakhand:

Provided also that if a candidate belongs to the category (c) mentioned above, no certificate of eligibility shall be issued for a period of more than one year and retention of such a candidate in service beyond a period of one year, shall be subject to his acquiring Indian citizenship.

Note: - A candidate in whose case is certificate of eligibility is necessary but the same has neither been issued nor rejected, may be admitted to an examination or interview and he may also be provisionally appointed subject to the necessary certificate being obtained by him or issued in his favour.

Academic qualificaton

8. For the direct recruitment on the post of Deputy superintendent of Police (Police Telecom) the candidate must possess the following qualifications:-

- A master degree in Physics with Electronics as a compulsory subject /a degree of M.Sc. in Physics/ Applied Physics with wireless communication as a compulsory subject from any University established by law in India

Or

A bachelor degree in Electronics / Electronics and Communication / Electronics and Telecommunication/ Electrical Engineering/ Information and Communication Technology/ Electronics and Instrumentation / Electrical and Electronics Engineering from a university established by law in India.

And

Working knowledge of Hindi in Devanagari script.

Preferential qualification

9. Such persons shall be given preference who has the working experience of two years in the field of electronics/ telecommunication technology. The other things being equal such person shall be given preference in the matter of direct recruitment , who has

(1) served in the Territorial Army for a minimum period of two years, or

(2) obtained 'B' or 'C' certificate of National Cadet Corps.

Age

10. Age of the candidate for direct recruitment should be minimum 21 years and maximum 35 years on the first July of the year for which advertisement for recruitment has been published:

Provided that in case of candidates belonging to the Scheduled Casts, Scheduled Tribes, the Other Backward Classes and such categories as may be notified by the Government time to time, shall be greater by such number of years as may be specified.

Character: 11. The character of a candidate for direct recruitment to a post in the service must be such as to render him suitable in all respect for employment in government service. The Appointing Authority shall satisfy itself on this point.

Note: Persons dismissed by the Union Government or a State Government or by a Local Authority or a Corporation or Body owned or controlled by the Union Government or a State Government shall be ineligible for appointment to any post in the service. Persons convicted in offence involving moral turpitude shall also be ineligible.

Marital Status 12. A male candidate who has more than one wife living or a female candidate who has more than one husband living shall not be eligible for appointment to a post in the service:

Provided that the Government may, if satisfied that there exist special grounds for doing so, exempt any person from operation of this rule.

Physical Ability 13. No candidate shall be appointed to any post in the service unless his physical and mental health is good, he is free from any such physical defect which may cause him to interfere in the efficient discharge of his duties. Before a candidate is finally approved for appointment, he would have to pass the Medical Board examination parameters of which are mentioned in the Appendix – B:

Provided that a medical certificate of fitness shall not be required from a candidate recruited by promotion.

PART-V PROCEDURE OF RECRUITMENT

Determination of vacancies 14. The Appointing Authority shall determine the number of vacancies to be filled during the year and the number of vacancies to be reserved for the candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Economically Weaker Sections and Other categories under rule 6 and inform to the Commission.

Procedure for Direct Recruitment 15. Fifty percent posts of Deputy Superintendent of Police (Police Telecom) shall be filled by direct recruitment by the Competitive Examination conducted by the Commission.

(1) For the permission to appear in the competitive examination the Commission shall invite the application form on the prescribed format. The application form may be collected from the Secretary of the Commission on the payment of prescribed fee.

(2) No candidate shall be admitted in the examination without the admit card issued by the Commission.

(3) After obtaining the result of the written examination and tabulation, the Commission, keeping in mind to ensure the representation of the candidates belonging to the Scheduled

Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Economically Weaker Sections and Other categories under section 6, on the basis of written examination shall call such candidates for interview who have secured the marks in accordance with the parameters fixed by the Commission in this behalf. The marks secured by each candidate in the interview shall be added to the marks secured by him in the written examination.

(4) The Commission shall prepare a list in order of merit as disclosed by aggregate of marks obtained by each candidate in the written and interview and recommend such number of candidates for the appointment as it deems fit. If two or more candidate obtain equal marks in the aggregate then the candidate obtaining more marks in the written examination shall be placed higher in the list, if the marks in the written examination are equal then on the basis of date of birth the name of the candidate more in age shall be placed higher in the list. The list of selected candidates shall be sent by the Commission to the Appointing Authority.

Note: Examination schedule, syllabus and rules relating to the competitive examination shall be prescribed by the Commission with the approval of the Governor from time to time.

Procedure for recruitment by promotion through selection committee

16. **(1) Promotion on the post of Deputy Superintendent of Police (Police Telecom):-** Recruitment by promotion on the post of Deputy Superintendent of Police (Police Telecom) shall be done on the basis of seniority, subject to rejection of unfit from amongst the permanent Inspector (Police Telecom) in accordance with the Uttarakhand Public Service Commission promotion by Consultation (Procedure) Rules 2003.

(2) Promotion on the post of Additional Superintendent of Police (Police Telecom) –

Selection on the hundred percent posts of Additional Superintendent of Police (Police Telecom) shall be done from amongst the permanent Deputy Superintendent of Police (Police Telecom) serving in the police telecommunication department on the basis of seniority, subject to rejection of unfit by promotion, on the recommendation of the following selection committee.

(A) Additional Chief Secretary /Principal Secretary/Secretary Home, Government of Uttarakhand	**Chairperson**
(B) Additional Chief Secretary/Principal Secretary/ Secretary, Personnel, Government of Uttarakhand, or an	**Member**

officer nominated by him who should not be below the level of Additional Secretary	
(C) Director General of Police, Uttarakhand, or an officer nominated by him who should not below than the level of Inspector General of Police	**Member**

(3) Promotion on the post of Superintendent of Police (Police Telecom) :-

